promotion of teachers from lower post to the next promotional post i.e. from Primary School Teachers to Trained Graduate Teachers and Trained Graduate Teachers to Post Graduate Teachers etc. the benefit of F.R 22-C is available to teachers.

Introduction of microlight aircraft in the country

738. SHRI SHAMIM HASHMI: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Aero Club of India proposes to introduce micro-light aircraft in the country despite serious objections raised by the security agencies and that the Club has already contacted for twenty-four such aircraft of which consignment kits for twelve aircraft has already arrived, even though the controversy regarding its use remains unsettled; and

(b) if so, what is Government reaction in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL): (a) and (b) No, Sir. The Directorate General of Civil Aviation constituted a Committee to look into all aspects of registration, manufacture and operation of microlight aircraft in the country The report of the Committee was forwarded to the Bureau of Civil Aviation Security, the Air Headquartars and the Ministry of Home Affairs. These agencies have not objected to the operation of microlight aircraft but have made certain suggestions considering the security aspects involved in the operation of microlight aircraft.

पंजाब विश्वविद्यालय के अध्यापकों द्वारा आन्दोलन

739. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब विश्वविद्यालय के अध्यापकों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित किये गये वेतनमानों को लागू किये जाने के लिये एक आन्दोलन छेड़ दिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) पंजाब में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित किये गये वेतनमानों को लागू न किये जाने के क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल. पी. साहो) : (क) पंजाब सरकार द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमानों के कार्यान्वयन के लिये पंजाब के विश्वविद्यालयों के अध्यापकों द्वारा कोई आन्दोलन नहीं किया गया ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पंजाब सरकार ने जनवरी, 1988 में जारी किये गये अपने आदेशों द्वारा जनवरी 1986 से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमान लागू कर दिये हैं ।

गैर-सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को ढोने के लिए दिल्ली परिवहन निगम की बसों का किराये पर दिया जाना

740. **श्री राम नरेश यादव :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली परिवहन निगम द्वारा गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को ढोने के लिये प्रति दिन बसें किराये पर दी जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो सितम्बर, 1988 की समाप्ति तक विद्यालयों को कुल कितनी बसें दी गई थी एवं इन बसों को इन विद्यालयों के लिये कितने समय तक के लिये आवंटित किया गया था तथा इस अवधि में वे कितने ट्रिप किया करती थी और प्रत्येक